आकाशवाणी भोपाल
प्रादेशिक समाचार
दिनांक : 23/02/2026 समय : 07.10पीएम

मुख्य समाचार :–

- केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा–भारत टैक्सी के सारथी महिलाओं को मिलेंगी बीमा और आसान ऋण सुविधाएं।
- प्रदेश में अब सरसों के उत्पादन को भी भावांतर योजना में शामिल किया जायेगा, कहा मुख्यमंत्री ने।
- राज्यपाल ने कहा कि बंदियों को समाज मुख्य धारा में वापस भेजना पुनर्वास प्रयासों का मूल आधार होना चाहिए।
- उज्जैन स्थित विक्रम विश्वविद्यालय में आज से दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन।

शाह – भारत टैक्सी

केन्द्रीय_सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में भारत टैक्सी के सारथियों से बातचीत की। आज जारी एक वीडियो में श्री शाह ने कहा कि भारत टैक्सी सहकारी समिति का उद्देश्य चालकों को उनके काम का स्वामित्व देकर उन्हें सशक्त बनाना है। भारत टैक्सी की अनूठी सारथी दीदी पहल पर प्रकाश डालते हुए श्री शाह ने कहा कि इस सुविधा के माध्यम से महिला यात्री अपनी यात्रा के लिए महिला चालकों का चयन कर सकती हैं। श्री शाह ने बताया कि भारत टैक्सी की सारथी महिलाओं को बीमा लाभ और आसान ऋण सुविधाएँ मिलेंगी।

श्री शाह ने कहा कि भारत टैक्सी में कुछ भी छिपा नहीं रहेगा और हर जानकारी सारथियों को अधिसूचना के माध्यम से दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सहकारी टैक्सी सेवा भारत टैक्सी दुनिया की सबसे पारदर्शी टैक्सी सेवा बन जाएगी।

मुख्यमंत्री–भावांतर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किसानों के हित में बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने एक बड़ा निर्णय लिया है। विधानसभा में आज उन्होंने कहा कि अब सरसों के उत्पादन को भावांतर योजना में शामिल करने का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मूंग की बजाय उड़द पर बोनस देने का काम भी सरकार कर रही है। 600 रुपये प्रति किसान प्रति क्विंटल बोनस देने का फैसला हमारी सरकार ने किया है।

भोजशाला

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ में आज धार स्थित भोजशाला मामले की सुनवाई की गई। न्यायालय ने एएसआई सर्वे रिपोर्ट पर सभी याचिकाकर्ताओं और प्रतिवादियों से दो सप्ताह के अंदर आपत्तियां और सुझाव मांगे हैं। अब अगली सुनवाई 16 मार्च को की जाएगी। न्यायालय ने सभी पक्षों को निर्देशित किया कि वे एएसआई सर्वे रिपोर्ट पर अपनी लिखित आपत्तियां और सुझाव अगली सुनवाई से पहले दाखिल करें।

कृषि प्रौद्योगिकी मेला

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसान हमारे प्रदेश की अर्थव्यवस्था के आधार स्तंभ हैं। ग्वालियर में हो रहे 'कृषि मंथन एवं कृषि प्रौद्योगिकी मेला 2026' को आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश में औषधीय और मसाला फसलों का उत्पादन बढ़ाने के सभी प्रयास कर रही है और हम जल्द ही कृषि उत्पादन निर्यात नीति लाने वाले हैं। उन्होंने कहा कि हम खेती–किसानी और फल–फूलों की खेती को लाभकारी व्यवसाय बनाने के लिए कोई कसर नहीं रखेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा सरकार आधुनिक कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, डेयरी और मत्स्य क्षेत्रों में मूल्य–श्रृंखला विकास, प्रोसेसिंग, तकनीक अपनाने और ग्रामीण युवाओं की उद्यमिता को बढ़ावा देकर व्यापक रोजगार सृजन करने पर फोकस कर रही है।

## गिद्ध

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज रायसेन जिले के हलाली डैम क्षेत्र में पांच लुप्तप्राय प्रजाति के गिद्धों को उनके प्राकृतिक आवास में मुक्त किया। इस दल में चार भारतीय गिद्ध और एक सिनेरियस गिद्ध शामिल हैं। इन गिद्धों को भोपाल स्थित गिद्ध संरक्षण प्रजनन केंद्र में व्यवस्थित अनुकूलन और अवलोकन अवधि के बाद छोड़ा गया है। भविष्य में इनकी सतत निगरानी और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, इन पर उच्च परिशुद्धता वाले जीपीएस-जीएसएम उपग्रह ट्रांसमीटर लगाए गए हैं, जिससे इनके आवागमन और व्यवहार का वैज्ञानिक अध्ययन किया जा सकेगा। यह पूरी टैगिंग प्रक्रिया वन्यजीव पशु चिकित्सक और वन विभाग के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न हुई।

राज्यपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि बंदी पुनर्वास प्रयासों को समग्रता और बहुआयामी स्वरूप में किया जाना चाहिए। आज लोकभवन में गृह एवं जेल विभाग के अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि पुनर्वास प्रयासों में सकारात्मक सोच के निर्माण पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जेलों में बंद मामूली अपराधों के विचाराधीन कैदियों को केवल दंड देना ही नहीं, बल्कि उन्हें सकारात्मक सुधार के जरिए समाज की मुख्य धारा में वापस भेजना पुनर्वास प्रयासों का मूलाधार होना चाहिए।

राष्ट्रीय संगोष्ठी

उज्जैन स्थित विक्रम विश्वविद्यालय में आज से दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। घुमंतू एवं विमुक्त समुदायों की परंपरा, साहित्य और संस्कृति एवं भक्ति काव्य' के विविध आयामों पर केंद्रित इस संगोष्ठी में देश के कई राज्यों के विशेषज्ञ और शोधकर्ता भाग ले रहे है। इस संगोष्ठी में अलग–अलग महत्वपूर्ण विषयों पर गहन विमर्श होगा। संगोष्ठी में कल 'भक्तिकालीन साहित्यः विविध धाराओं का वैशिष्ट्य और युगीन प्रासंगिकता' विषय पर मंथन किया जाएगा।

विकसित प्रदेश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में गरीब, युवा, अन्नदाता और नारियों के कल्याण के लिए मिशन मोड पर काम जारी है। मुख्यमंत्री निवास पर आए किसान प्रतिनिधिमंडल को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में हमने जीवाईएएन में इंडस्ट्रियलाइजेशन और इंफ्रास्ट्रक्चर को जोड़कर इसे ज्ञानी बना दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को अपने उत्पाद देश की बड़ी मंडियों तक पहुंचाने के लिए पहली जरूरत कनेक्टिविटी होती है। किसानों की इस जरूरत को पूरा करने के लिये उज्जैन से जावरा तक बनने वाली ग्रीनफील्ड एक्सेस कंट्रोल्ड परियोजना भी इसी दिशा में उठाया गया एक बड़ा कदम है।

एआइ समिट

दिल्ली में आयोजित एआइ समिट 2026 के दौरान विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के आरोप में दिल्ली पुलिस ने ग्वालियर से यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव जितेंद्र सिंह यादव को हिरासत में लिया है। दिल्ली के भारत मंडपम में 20 फरवरी को आयोजित एआई इंपैक्ट समिट में शर्टलेस होकर हंगामा करने और नारे लगाने वाले यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं के मामले में दिल्ली पुलिस ने ये कदम उठाए हैं।

## सोलर रथ

नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला dy प्रधानमंत्री सूर्य घर – मुफ्त बिजली योजना के “सोलर रथ सह मोबाइल बूथ वैन” का शुभारंभ को करेंगे। सोलर रथ dy

से भोपाल नगर में 7 दिवसीय मोबाइल बूथ शिविर के रूप में संचालित किया जाएगा। सोलर रथ से नागरिकों को योजना से संबंधित लोड, नेट मीटरिंग, ग्रिड कनेक्टिविटी, ऋण सुविधा एवं ऑन-द-स्पॉट पंजीकरण जैसी सेवाएँ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएगी।

समाचार संक्षेप में .....

- नर्मदापुरम में दो दिवसीय जिला स्तरीय सेमीनार और पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन कल 24 और 25 फरवरी को एमपी एग्रो फार्म, माखननगर में किया जाएगा।
- बैतूल कलेक्टर ने समय-सीमा बैठक में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को लक्ष्य अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।
- जबलपुर में कश्मीर और मध्य प्रदेश के युवाओं के बीच सांस्कृतिक और शैक्षणिक आदान-प्रदान कार्यक्रम आज से शुरू हो गया है। इस कार्यक्रम में कश्मीर से 132 युवा प्रतिभागी शामिल हुए हैं।
- रतलाम जिले में जैविक खेती को जैविक मिशन के रूप में लिया है। 419 पंचायत में जैविक खेती के प्रसार के लिए जिला, ब्लॉक एवं पंचायत स्तर पर मास्टर ट्रेनर तैयार किये जा रहे हैं।
- झाबुआ में आयोजित दो दिवसीय कृषि विज्ञान मेले का दूसरा दिन किसानों के लिए खास रहा। मेले में समन्वित खेती को किसान की आजीविका का मजबूत आधार बताया गया और प्राकृतिक-जैविक खेती पर विशेषज्ञों और किसानों के बीच खुलकर चर्चा हुई।
- भोपाल की लाइफलाइन माने जाने वाले बड़े तालाब पर बढ़ते अतिक्रमण और प्रदूषण को लेकर आज कलेक्ट्रेट सभागार में अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने की।
- देवास जिले के युवाओं को निजी संस्थाओं में रोजगार उपलब्ध कराने 24 फरवरी को युवा संगम का आयोजन किया जा रहा है।
- खण्डवा- नागरिकों को उनकी पात्रता अनुसार सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से प्रदेश में इन दिनों “संकल्प से समाधान” अभियान आयोजित किया जा रहा है।

...................................